| | |
|---|---|
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर<br>**Indian Institute of Technology Bhubaneswar** |

**प्रेस विज्ञप्ति**

# आईआईटी भुवनेश्वर ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया

**भुवनेश्वर, 18 सितंबर 2026:** 'एक पेड़ मां के नाम अभियान-3.0' और 'स्वच्छता ही सेवा-2026' कार्यक्रम के तहत, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर ने 17 सितंबर 2026 को अपने परिसर में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। संस्थान के सदस्यों ने उत्साह और जोश के साथ बड़ी संख्या में इस अभियान में भाग लिया और आईआईटी भुवनेश्वर परिसर में लगभग 200 एवेन्यू, फलदार और सजावटी पौधे लगाए।

आईआईटी भुवनेश्वर के डायरेक्टर प्रो. श्रीपाद करमलकर ने पौधे लगाकर इस अभियान की शुरुआत की। प्रो. मिहिर कुमार दास (डीन, स्टूडेंट अफेयर्स), श्री बामदेव आचार्य (रजिस्ट्रार), प्रो. ब्रह्मा देव (एकेडमिक कोऑर्डिनेटर, एसएमएमएमइ), प्रो. एस.के. पांडा (चेयरपर्सन, इंफ्रास्ट्रक्चर), डॉ. पट्टाभि रमैया बुदारापु (चेयरपर्सन, वार्डन काउंसिल), डॉ. शिवैया बाथुला (चेयरपर्सन, गेट), डॉ. अंकित दलाल (एनएसएस कोऑर्डिनेटर) और आईआईटी भुवनेश्वर के सुपरिटेंडिंग इंजीनियर श्री के. रबिन कुमार डोरा ने इस पौधारोपण अभियान का नेतृत्व किया और पौधे लगाए। फैकल्टी मेंबर्स, स्टाफ, रेजिडेंट्स, स्टूडेंट्स और एनएसएस वॉलंटियर्स ने पूरे जोश के साथ इस अभियान में हिस्सा लिया। सहायक हॉर्टिकल्चरिस्ट श्री के.वी. रेड्डी ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।

-------------------